सत्यमेव जयते

UPPSC/UPPCS
Exam Paper

# यूपीपीएससी – यूपीपीसीएस

# मुख्य परीक्षा 2020

# वैकल्पिक विषय

# प्रश्न पत्र

## “वाणिज्य एवं लेखांकन द्वितीय प्रश्न पत्र”

परीक्षा तिथि: $25^{th}$ जनवरी 2020

No. of Printed Pages : 4

Serial No. 5066662

# PSL – 35/20-Paper-II

## वाणिज्य एवं लेखांकन (प्रश्न-पत्र – II)

## COMMERCE AND ACCOUNTANCY (PAPER – II)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

**विशेष अनुदेश :**

(i) **दो** खण्डों में कुल **आठ** प्रश्न दिये गये हैं, जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

(ii) **प्रत्येक** खण्ड से कम से कम **दो** प्रश्नों का चयन करते हुए, कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(iii) **प्रत्येक** प्रश्न के अंत में निर्धारित अंक अंकित हैं।

(iv) **सभी** प्रश्नों के अंक **समान** हैं।

**Specific Instructions :**

(i) There are total **eight** questions in **two** Sections printed both in **Hindi** and **English**.

(ii) Answer **five** questions, selecting atleast **two** questions from **each** Section.

(iii) Marks are given against **each** question.

(iv) **All** questions carry **equal** marks.

### खण्ड – अ / SECTION – A

1. (a) ''संगठन प्रबंधन का वह यंत्र है जो प्रशासन द्वारा निर्धारित परिणामों को प्राप्त करता है।'' इस कथन की व्याख्या कीजिए। 15

"Organization is that machinery of management for the achievement of the ends determined by administration." Discuss this statement.

(b) पुरातन संगठनीय सिद्धांतों की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए तथा इन सिद्धांतों की आलोचनाओं को सूचीबद्ध कीजिए। 15

Explain the main features of classical organisational theories and list out the criticism of these theories.

(c) संगठन में 'शक्ति' के स्रोतों का वर्णन कीजिए। 10

Discuss the sources of 'power' in an organisation.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

2. (a) ''अनेक सफल व्यावसायिक संस्थानों में निर्णयन उन महान व्यवसायियों के हाथों में केन्द्रित है जिन्होंने उनकी स्थापना की थी।'' क्या इससे यह सिद्ध होता है कि निर्णयन-सत्ता का केन्द्रीकरण उसकी सफलता की कुन्जी है ? इस सम्बन्ध में सत्ता के विकेन्द्रीकरण के पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार व्यक्त कीजिए। **15**

"In many successful business establishments, decision making is centralised in the hands of those great businessman who founded those establishments." Does it prove that centralisation of decision making authority is the key to their success ? Discuss in this connection the pros and cons of decentralisation of authority.

(b) संगठनात्मक व्यवहार क्या है ? संगठनात्मक व्यवहार की चुनौतियों एवं अवसरों की विवेचना कीजिए। **15**

What is organisational behaviour ? Discuss the challenges and opportunities for organisational behaviour.

(c) किसी आर्थिक उपक्रम के लिए संगठन के ठोस ढांचे के निर्माण में कौन-सी कठिनाइयाँ एवं समस्याएँ आती हैं ? क्या किसी एक दिये गये प्रकार के व्यवसाय के लिए एक आदर्श कलेवर हो सकता है ? **10**

What are the difficulties and problems of building a sound organisational structure of an economic enterprise ? Can there be an ideal structure for a given kind of business ?

3. (a) ''अनौपचारिक संगठन व्यक्तिगत एवं सामाजिक सम्बन्धों का ऐसा जाल है जिसे औपचारिक संगठन द्वारा स्थापित नहीं किया जाता अथवा उसकी आवश्यकता नहीं पडती है।'' इस कथन की व्याख्या कीजिए तथा औपचारिक एवं अनौपचारिक संगठन में अन्तर को समझाइए। **15**

"Informal organisation is that network of personal and social relations which is not established or required by formal organisation." Amplify this statement and differentiate between formal and informal organisation.

(b) संघर्ष के विभिन्न प्रकारों तथा इसके कारणों की व्याख्या कीजिए। **15**

Explain the different types of conflicts and its causes.

(c) संगठनात्मक लक्ष्य को व्यक्तिगत लक्ष्य से किस प्रकार समाकलन किया जा सकता है ? व्याख्या कीजिए। **10**

How organisational goal can be integrated with the individual goal ? Explain.

4. (a) ''परिवर्तन का शृंखलाबद्ध प्रभाव'' से आप क्या समझते हैं ? व्यावसायिक संगठनों में परिवर्तन क्यों होता है ? उचित उदाहरणों की सहायता से समझाइये। **15**

What do you mean by 'Chain Effect of Change' ? Why changes are caused in business organisations ? Explain with suitable examples.

(b) संगठन में अधिक शक्ति प्राप्त करने हेतु विभिन्न उपायों की व्याख्या कीजिए। **15**

Discuss the various measures to gain more power in an organisation.

(c) संगठनों में परिवर्तन का विरोध क्यों किया जाता है ? व्याख्या कीजिए। **10**

Why changes are resisted in organisations ? Discuss.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

## खण्ड – ब/SECTION – B

5. (a) "मानव संसाधन प्रबन्ध, स्पष्टतया एक प्रबन्धकीय कार्य है न कि तृतीय शक्ति जैसा कि कुछ उद्योगों में व्यवहृत है ।" इस कथन की टीका कीजिए और मानव संसाधन प्रबन्ध के विभिन्न कार्यों का विवेचन कीजिए । **15**

"Human Resource Management, is clearly a management function not a third force as practised in some industries." Comment on this statement and discuss the various activities of Human Resource Management.

(b) भर्ती एवं चयन में अन्तर कीजिए । विभिन्न प्रकार के परीक्षणों की संक्षेप में विवेचना कीजिए । **15**

Differentiate between recruitment and selection. Briefly discuss different types of tests.

(c) संगठन में औद्योगिक सम्बन्धों के औचित्य का परीक्षण भारतीय परिदृश्य के संदर्भ में कीजिए । **10**

Examine the rationale of industrial relations in an organisation in the context of Indian Scenario.

6. (a) "अधिशासी विकास कार्यक्रम अधिशासियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास हेतु तैयार किया जाता है और न कि केवल कार्य (job) के कुशलतापूर्वक सम्पादन हेतु आवश्यक चातुर्यों का ।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए तथा 'भारत में अधिशासी विकास सुविधाओं' की विवेचना कीजिए । **15**

"Executive Development Programme seeks to develop the overall personality of the Executives and not only the skills necessary to do the job efficiently." Elaborate this statement and discuss the 'Executive Development Facilities in India'.

(b) उन विभिन्न घटकों का विवेचन कीजिए जो एक औद्योगिक संगठन के कर्मचारियों के मनोबल को ऊँचा रखने के सहायक है । इस सन्दर्भ में कर्मचारियों और सेवायोजकों के मध्य 'संयुक्त मन्त्रणा' की भूमिका का विवेचन कीजिए । **15**

Discuss the various factors that contribute to high morale among workers of an industrial organisation. In this context, explain the role of 'joint consultation' between employees and employers.

(c) "भरती वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा सर्वोत्तम प्रतिभा को संगठन के प्रति आकर्षित किया जाता है ।" इस कथन की विवेचन कीजिए । **10**

"Recruitment is the process of attracting best talent towards the organisation." Comment on this statement.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

7. (a) निरंकुश, लोकतांत्रिक एवं निर्बाध नेतृत्व में अन्तर कीजिए और उनके प्रबन्धकीय आशय बताइये । **15**
Distinguish between autocratic, democratic and free-rein leadership and explain their managerial implications.

(b) सामूहिक सौदेबाजी का क्षेत्र बताइये । प्रभावशाली सामूहिक सौदेबाजी की आवश्यकताएँ क्या हैं ? **15**
Discuss the scope of collective bargaining. What are the requirements of an effective collective bargaining ?

(c) औद्योगिक संबंधों के क्षेत्र का परीक्षण कीजिए । **10**
Examine the scope of Industrial relations.

8. (a) 'यदि समय से पूर्व ही प्रबन्ध में श्रमिकों को भागीदारी प्रदान कर दी जाती है, तो ऐसी दशा में या तो प्रबन्ध-वर्ग उनको खरीदकर प्रभावपूर्ण ढ़ंग से शान्त कर देगा, अथवा यदि वे कठोर-प्रवृत्ति के हैं, तो सद्भावपूर्ण अभिप्राय के होते हुए भी वे प्रबन्ध के प्रति विनाशकारी एवं नाराज सिद्ध हो सकते हैं ।' विवेचना कीजिए । **15**
'If there is a pre-mature inclusion of workers in management, either, they will be bought up by the management and effectively silenced or if they are made of sterner stuff, they will, inspite of the best intentions, prove destructive and resentful towards management.' Comment.

(b) 'विवादों की रोकथाम औद्योगिक शान्ति का अच्छा उपाय है ।' इस कथन की पुष्टि कीजिए और औद्योगिक विवादों की रोकथाम के उपाय बताइए । **15**
'Prevention of disputes is good measure for industrial peace.' Elucidate this statement and explain the methods of prevention of industrial disputes.

(c) टेलर की विभेदात्मक कार्यानुसार मजदूरी भुगतान पद्धति तथा इमर्सन की कार्यक्षमता योजना का तुलनात्मक विश्लेषण कीजिए । **10**
Give a comparative analysis of Taylor's differential piece wage and Emerson's efficiency plan.

---



Downloaded from: http://studymarathon.com/